केन्द्रीय विद्यालय संगठन, हैदराबाद संभाग – 15

सामान्य संकलित मूल्यांकन -2

सत्र- 2013-14

कक्षा : सातवीं पूर्णांक : 60

विषय : हिन्दी समय : 2-30 घण्टे

**खण्ड – 'क'**

**1. निम्नलिखित गद्यांशz को पढ़कर सही विकल्प चुनकर लिखिए :– 1x5=5**

**जब से मुझे याद है, मैं देख रहा हूँ, यह नीम का पेड़ इसी तरह खड़ा है। मोटा तथा खुरदरा तना, दो मोटी जड़ें जमीन से ऊपर उठकर नीचे गहरी चली गईं हैं। ये जड़ें हम सभी की कुर्सियाँ हैं। हम चारों इन पर बैठकर गप्पें लड़ाते हैं। नीम का पेड़ घर के बुजुर्ग की तरह देखभाल करता है। पेड़ दादा कभी–कभी हमारी भोली बातों पर हँसकर मीठी- पकी निबोरियाँ हमें देते हैं। कभी–कभी छोटी– छोटी टहनियों से हमें डाँटते हुए कहते हैं – बैठे रहोगे, पढ़ोगे नहीं ? गर्मियों में अपनी घनी पत्तियों से हमारे ऊपर छाया करते हैं। दूर तक फैली हुई zशाखाओं और टहनियों का छाता ताने दिन–रात खड़े रहते हैं। सुबह– सुबह पक्षियों की चहचहाहट से हमें जगाते हैं। जाड़ों में पेड़ दादा जब हमें अपनी छाया से दूर धूप में खेलता देखते हैं तो दुखी हो जाते हैं कि मेरे प्यारे बच्चे मेरे पास नहीं खेल रहे हैं। वे हवा के साथ अपनी पत्तियाँ हमारे पास भेज देते हैं कि जाओ मेरे बच्चों के साथ खेलो। कितने अच्छे हैं पेड़ दादा।**

**i) पेड़ दादा छोटी– छोटी टहनियों से बच्चों को क्यों डाँटते हैं?**

क) बच्चों को सोने के लिए कहते हैं।

ख) बच्चों को पढ़ने के लिए कहते हैं।

ग) बच्चों को चुप रहने के लिए कहते हैं।

घ) बच्चों को घर जाने के लिए कहते हैं।

**ii) बच्चों को मीठी निबोरियाँ कब मिलती हैं ?**

क) जब पेड़ दादा उनकी चालाकी भरी बातें सुनते हैं।

ख) जब पेड़ दादा उनकी zशरारतें देखते हैं।

ग) जब पेड़ दादा उनकी प्यारी बातें सुनते हैं।

घ) जब पेड़ दादा उनकी भोली बातों पर हँसते हैं।

**iii) नीम के पेड़ को पेड़ दादा का नाम क्यों दिया ?**

क) नीम का पेड़ घर के एक सदस्य की तरह है ।

ख) नीम का पेड़ घर के बुजुर्ग की तरह देखभाल करता है ।

ग) नीम का पेड़ घर के आँगन में है ।

घ) नीम का पेड़ बहुत पुराना पेड़ ‑ है ।

**iv) zशब्द युग्म के दो उदाहरण ढूँढ कर लिखिए, जैसे : कभी–कभी**

क) छोटी–छोटी, सुबह–सुबह ख) जडें –जमीन

ग) चहचहाहट घ)zशाखाओं और टहनियों

**v) कितने अच्छे हैं पेड़ दादा , इस कथन से बच्चों का कौन सा भाव व्यक्त हुआ है ?**

क) घृणा का ख ) स्नेह, आदर और श्रद्धा का

ग) स्वार्थ का घ) इनमें से कोई नहीं

**2. निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर सही विकल्प चुनकर लिखिए :– 1x5=5**

घर–घर में शिक्षा का दीप जलाना है ।
सबके दिल से भेदभाव हिंसा को मिटाना है ।
घर–घर में शिक्षा का दीप जलाना है ।
अपनी मंजिल एक है, अपना रास्ता एक है ।
सुख–दुख के साथी हैं हम सब, अपना इरादा नेक है ।
कंधे से कंधा मिलाकर , कदम कदम से मिलाना है ।
घर–घर में शिक्षा का दीप जलाना है ।

**i) घर–घर में किसका दीप जलाना है?**

(क) शिक्षा का (ख) ज्ञान का

(ग) हिंसा का (घ) प्यार का

**ii) हम सबका क्या एक है ?**

(क) मंजिल और रास्ता (ख) उठना और बैठना

(ग) सुबह और zशाम (घ) घर–बार

**iii) हमें सबके दिल से क्या मिटाना है?**

(क) परिश्रम के भाव को (ख) भेद–भाव हिंसा को

(ग) अहिंसा को (घ) ऊँच नीच को

**iv) हम सब का क्या इरादा है?**

(क) बुरा (ख) हिंसा

(ग) नेक (घ) नफ़रत

v) हमें ------------------ कदम–से–कदम मिलाना है? (*सही शब्द चुनकर रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए*) :

(क) कंधे–से–कंधा (ख) घर–से–घर

(ग) हाथ–से–हाथ (घ) ज्योति–से ज्योति

## खण्ड – 'ख'

**3. निम्नलिखित शब्दों के प्रचलित हिंन्दी रूप लिखिए –** **½x4=2**

उदाहरण : परे => पड़े

क) बिपति ख) बादर ग) मछरी घ) सीत

**4. उचित zशब्द चुनकर वाक्यों के खाली स्थान भरिए –** **½x4=2**

**टप–से, छप–से, थर्र–से, फुर्र–से,**

क) मेंढ़क पानी में ------- कूद गया ।

ख) नल बंद होने के बाद पानी की एक बूंद -------- चू गई ।

ग) **शोर** होते ही चिड़िया ---------- उड़ी ।

घ) ठंडी हवा **सन से** गुज़री , मैं ठंड में -----ठेकाँप गया । ½*4=2

**5. निम्न लिखितzशब्दों का वाक्य में प्रयोग कीजिए ।**

क) सीना–पिरोना ख) भला–बुरा

ग) चलना–फिरना घ) लंबा–चौड़ा

**6. निम्नलिखित शब्दों से अन्य शब्द बनाइए –** **½x4=2**

उदाहरण :– रूप => कुरूप, स्वरूप

क) गंध ख) रंग

ग) फल घ) ज्ञान

**7. निम्नलिखित zशब्दों के संधि और संधि–विच्छेद कीजिए –** **½x4=2**

क) नील + आभ ख) नव + आगंतुक

ग) सिंहासन घ) मेघाच्छन्न

**8. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर सही विकल्प चुनकर लिखिए :–** **1X5=5**

पूरे जार में कंचे हैं । हरी लकीरवाले बढ़िया सफ़ेद गोल कंचे । बड़े आँवले जैसे । कितने खूबसूरत हैं ! अब तक ये कहाँ0 थे ? शायद दुकान के अंदर । अब दुकानदार ने दिखाने के लिए बाहर रखा होगा ।
उसके देखते–देखते जार बड़ा होने लगा । वह आसमान–सा बड़ा हो गया तो वह भी उसके भीतर आ गया । 0वहाँ और कोई लड़का तो नहीं था । फिर भी उसे वही पसंद था । छोटी बहन के हमेशा के लिए चले जाने के बाद वह अकेले ही खेलता था ।

**i) जार में पड़े कंचों को कौन देख रहा था ?**

क) अप्पू ख) अप्पू की बहन

ग) जार्ज घ) अप्पू का मित्र

**ii) जार में कैसे कंचे थे ?**

क) लाल लकीर वाले बड़े सफ़ेद कंचे

ख) हरी लकीर वाले बड़े सफ़ेद कंचे

ग) हरी लकीर वाले बढ़िया सफ़ेद गोल कंचे

घ) लाल लकीर वाले छोटे सफ़ेद कंचे

**iii) अप्पू किस सोच में खो गया ?**

क) कंचे लेने के बारे में

ख) कंचे इतने सुंदर हैं

ग) अब तक ये कंचे कहाँ थे

घ) काश ! ये सारे कंचे मुझे मिल जाएँ

**iv) उसके देखते–देखते क्या हुआ ?**

क) कंचे बिक गए ।

ख) जार बड़ा होने लगा ।

ग) कंचे जार से गिर गए ।

घ) इनमें से कोई नहीं ।

**v) अप्पू अकेला क्यों खेलता था ?**

क) उसका कोई मित्र नहीं था ।

ख) उसकी माँ दूसरे बच्चों के साथ खेलने नहीं देती थी

ग) उसकी बहन हमेशा के लिए चली गई थी ।

घ) उसे कोई अच्छा नहीं लगता था ।

**9. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :–** **2x5=10**

अ) मोर मोरनी के नाम किस आधार पर रखे गए ?

आ) वीर कुँवर सिंह के व्यक्तित्व की कौन–कौन सी विशेषताओं ने आपको प्रभावित किया ?

इ) 'मेरी माँ ने मुझे अपनी प्रसिद्धि को विनम्रता से सँभालने की सीख दी है' – धनराज पिल्लै की इस बात का क्या अर्थ है ?

ई) हमारे यहाँ बहुत से काम लोग खुद नही करके किसी पेशेवर कारीगर से करवाते हैं । गांधी जी छेनी, हथौड़े, वसूले क्यों खरीदना चाहते होंगे ?

उ) खान–पान के मामले में स्थानीयता का क्या अर्थ है ?

**10. निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर सही विकल्प चुनकर लिखिए :-** **1x5=5**

मैं घमंडों में भरा ऐंठा हुआ,
एक दिन जब था मुंडेरे पर खड़ा ।
आ अचानक दूर से उड़ता हुआ,
एक तिनका आँख में मेरी पड़ा ।

**प्र i) पद्यांश में 'मैं'किसका प्रतीक है ?**

क) लोगों का ख) कवि का

ग) एक व्यक्ति का घ) इनमें से कोई नहीं

**प्र.ii) कवि कहाँठ खड़ा था ?**

क) मुंडेरे पर ख) आँगन में

ग) छत के बीचोंबीच घ) बगीचे में

**प्र.iii) कवि कैसे खड़ा था?**

क) खुशी से ख) घमंड में चूर

ग) उदास होकर घ) नतमस्तक होकर

**प्र. Iv)अचानक क्या हुआ ?**

क) एक बड़ा पक्षी छत पर आ गया ।

ख) मिटटी का कण आँख में आ गिरा ।

ग) तेज आँधी आ गई ।

घ) एक तिनका कवि की आँख में आ गिरा ।

**प्र. V) कवि मन ही मन अपने बारे में क्या सोचता था ?**

क) वह किसी को कुछ भी कह सकता है ।

ख) उसका कोई कुछ नहीं बिगाड़ सकता ।

ग) वह अत्यधिक धनवान है ।

घ) इनमें से कोई नहीं ।

**11. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :-** **1+2+2 =5**

अ) मीरा को सावन मनभावन क्यों लगने लगा ?

आ) आँख में तिनका पड़ने के बाद घमंडी की क्या दशा हुई ?

ई) 'बंसीवारे ललना', 'मोरे प्यारे', 'लाल जी', कहते हुए यशोदा किसे जगाने का प्रयास करती है ?

**12. पूरक पुस्तक 'बाल महाभारत कथा' के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए** **1x5=5**

अ) कीचक का वध किसने किया ?

ऑ) राज विराट के यहाँ युधिष्ठिर किस नाम से रहने लगे थे ?

इ) अर्जुन की शंख–ध्वनि की हुँकार से आचार्य द्रोण ने क्या शंका व्यक्त की ?

ई) तेरहवाँ वर्ष पूरा होने पर पांडव कहाँ जाकर रहने लगे ?

उ) कौरवों के पहले सेनापति कौन थे ?

खण्ड–'घ'

**13. अपनी छोटी बहन को कक्षा में प्रथम आने पर बधाई पत्र लिखिए ।** **5**

अथवा

अपने प्राचार्य को दो दिन के अवकाश के लिए पत्र लिखिए ।

**14. निम्नलिखित में से एक विषय पर अनुच्छेद लिखिए –** **5**

अ) मेरा प्रिय खेल　　आ) मेरा विद्यालय

इ) मेरी माँ　　ई) प्रदूषण